प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 21.06.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोलकाता में बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रमुख कार्यक्रम में राष्ट्र का नेतृत्व किया–कहा कि योग, मानसिक स्वास्थ्य से शारीरिक स्वास्थ्य का मार्ग प्रशस्त करता है।

2– राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आज छत्तीसगढ़ सहित देषभर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में कड़ी सुरक्षा के बीच नीट–यूजी की पुनर्परीक्षा आयोजित की गई।

3– लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज रायपुर जिले के अभनपुर में आयोजित कांग्रेस के प्रशिक्षण कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को दिया प्रशिक्षण।

और

4– मौसम विभाग ने अगले दो–तीन दिनों तक मध्य छत्तीसगढ़ के रायपुर और दुर्ग संभाग में लू के लिए जारी किया यलो अलर्ट।

..........

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–01**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कोलकाता में बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रमुख कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि योग, मानसिक स्वास्थ्य से शारीरिक स्वास्थ्य का मार्ग प्रशस्त करता है।

**योग केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य पर ही फोकस नहीं करता, योग मानसिक स्वास्थ्य से शारीरिक स्वास्थ्य का मार्ग दिखाता है, इसलिए योग के विषय में 'युक्त चेष्टस्य कर्मसु' कहा गया है। यानी हमें क्या करना चाहिए क्ध्या नहीं करना चाहिए इसका बोध।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के कुछ हिस्सों में 21 जून साल का सबसे लंबा दिन होता है और योग के कारण यह अब सबसे बड़ा सामुदायिक उत्सव बन गया है। उन्होंने ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि भावना की अभिव्यक्ति है और यह किसी आयु वर्ग तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि योग सबको जोड़ता है और सबको साथ लाता है।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–02**

इधर, छत्तीसगढ़ में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्यपाल रमेन डेका आज रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विष्वविद्यालय में आयोजित योग षिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि आज पूरा छत्तीसगढ़ सामूहिक योग अभ्यास के माध्यम से स्वास्थ्य, संतुलन और सकारात्मकता के संदेष को जन – जन तक पहुंचा रहा है।

वहीं, अंबिकापुर स्थित पीजी कॉलेज ग्राउंड में राज्य स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने योगाभ्यास कर प्रदेषवासियों को नियमित रूप से योग अपनाकर स्वस्थ, संतुलित और निरोग जीवन जीने का संदेष दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला होता है, इसलिए योग को केवल एक आयोजन तक सीमित न रखकर जीवन का हिस्सा बनाना होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल भी अति विषिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

वहीं, उप मुख्यमंत्री अरुण साव दुर्ग जिले के खालसा पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए और योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

इसी तरह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा कबीरधाम जिले के पी. जी. कॉलेज  में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने नियमित रूप से योगाभ्यास पर जोर दिया।

**<u>अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–03</u>**

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी जांजगीर–चांपा जिले के भीमा तालाब के जाज्वल्य देव द्वार परिसर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान श्री चौधरी ने ग्राम कुटराबोड़ के युवा मलखंभ खिलाड़ी डिंपी सिंह को स्वेच्छानुदान मद से पच्चीस हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने नवागढ़, पामगढ़ और अकलतरा विकासखंड के लिए तीन नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज छत्तीसगढ़ की सभी 33 जेलों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान हजारों बंदियों ने योगाभ्यास किया। केंद्रीय जेल रायपुर में आयोजित योग शिविर में पांच सौ पुरुष और डेढ़ सौ महिला बंदियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जेल महानिदेशक हिमांशु गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

वहीं, केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा जगदलपुर के शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रांगण में योग षिविर का आयोजन किया गया। इस षिविर में एनसीसी, एनएसएस, पतंजलि योग समिति और युवाओं सहित लगभग एक सौ पचास प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

इसी तरह, केंद्रीय संचार ब्यूरो, अंबिकापुर द्वारा सरगुजा जिले के ग्राम सखौली स्थित उच्चतर माध्यमिक शाला में विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्र–छात्राओं, शिक्षकों और ग्रामीणों ने भाग लिया।

इस दौरान रंगोली और प्रश्न मंच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रदेश के अन्य जिलों में भी आज योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें मंत्री, सांसद और विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

**<u>नीट–परीक्षा</u>**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए द्वारा आज छत्तीसगढ़ सहित देषभर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में कड़ी सुरक्षा के बीच नीट–यूजी की पुनर्परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा दोपहर दो बजे से शुरू हुई, जो शाम पांच बजकर पंद्रह मिनट तक चली। परीक्षार्थियों को सुबह ग्यारह बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक ही परीक्षा केन्द्रों में प्रवेष की अनुमति दी गई।

**<u>राहुल गांधी–दौरा</u>**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज एक दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंचे। राहुल गांधी ने रायपुर जिले के अभनपुर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कांग्रेस के नवनियुक्त इकतालीस जिला अध्यक्षों को प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट सहित अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

गौरतलब है कि कांग्रेस का यह प्रशिक्षण शिविर आज से शुरू हुआ है, जो आगामी दस दिनों तक चलेगा। शिविर में प्रदेशभर के पार्टी के जिला अध्यक्षों और संगठन पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**कोटा–नगर पालिका**

बिलासपुर जिले के कोटा नगर पंचायत को अब नगर पालिका का दर्जा मिल गया है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग ने राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित कर दी है, जिसके अनुसार नगर पंचायत कोटा की सीमाएं ही नगर पालिका कोटा की सीमाएं होंगी।

गौरतलब है कि उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने बिलासपुर जिले के कोटा नगर पंचायत को नगर पालिका बनाने की घोषणा की थी।

**दुर्घटना**

गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में हुए दो अलग–अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई है। पहली घटना अंधियारखोर क्षेत्र में हुई, जहां एक अनियंत्रित ट्रैक्टर के पलट जाने से उसमें सवार एक युवक की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कारिआम घाट के पास हुई दूसरी घटना में एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़े एक युवक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल इस युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

**मैत्री कैफे'**

नारायणपुर जिले में पुलिस ने एक अभिनव पहल करते हुए डीआरजी परिसर में 'मैत्री कैफे' का शुभारंभ किया है। यह कैफे स्थानीय जनजातीय कला, बस्तर की सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक स्थापत्य शैली पर आधारित है।

इस कैफे का शुभारंभ करते हुए वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि विकास, रोजगार और विश्वास ही स्थायी शांति का आधार हैं तथा मुख्यधारा में लौटे लोगों को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास जरूरी हैं।

गौरतलब है कि इस मैत्री कैफे का निर्माण नारायणपुर पुलिस के कर्मचारियों ने स्वयं किया है। इस कैफे के माध्यम से आत्मसमर्पित नक्सलियों को रोजगार देने की योजना है।

**मौसम**

छत्तीसगढ़ में अगले पांच दिनों तक मौसम का मिजाज बदला रह सकता है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि एक द्रोणिका के असर से उत्तर और दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिष होने की संभावना है। वहीं, मध्य छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी के कारण आने वाले दो–तीन दिन तक रायपुर और दुर्ग संभाग में लू चलने के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार तेईस जून के आसपास दक्षिण–पष्चिम मानसून प्रदेष के कुछ और इलाकों में आगे बढ़ सकता है।

**संक्षिप्त समाचार–01**

– राज्य सरकार कल बाईस से छब्बीस जून तक सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा का आयोजन करेगी। इसके तहत एक हजार श्रद्धालुओं को गुजरात स्थित सोमनाथ धाम की यात्रा कराई जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल रायपुर रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

–	कोरिया जिले के ग्राम नौगई में हुए तिहरे हत्याकांड के मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बीते सोलह जून की रात आपसी रंजिश के चलते चारपहिया वाहन में आग लगाने की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई थी। मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

और

–	दुर्ग पुलिस ने साइबर ठगी से प्राप्त रकम के लेन–देन में उपयोग किए गए म्यूल अकाउंट मामले में एक आरोपी को भिलाई से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खाते से चौदह लाख रुपये से अधिक का संदिग्ध लेन–देन पाया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>